# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–01 दिसम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक दिवसीय दौरे पर आज कानपुर पहुंचे। उन्होंने सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की कमी और व्यावसायिकता के हावी होने पर चिंता जताई है। उपराष्ट्रपति आज आईआईटी कानपुर का भी दौरा कर वहां के छात्र–छात्राओं और शिक्षकों से संवाद कर रहे हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संबंधित आयोजन में हिस्सा लिया। उन्होंने योजना के तहत विवाह बंधन में बंधने वाले बारह सौ नौ जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सात वर्षों में प्रदेश में सामूहिक विवाह योजना से जुड़ कर तीन लाख चौरासी हजार नौ जोड़े दहेज प्रथा को नकार चुके हैं। इस सत्र के पूरा होने तक यह संख्या बढ़ कर चार लाख पार कर जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की और तीन सौ लोगों की समस्याएं सुनीं।

**********

आज पूरे देश में एड्स दिवस मनाया जा रहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने इस मौके पर देशवासियों से एड्स संक्रमित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार और संक्रमित व्यक्तियों के मानवाधिकारों की रक्षा करने की अपील की है। मध्य प्रदेश के इंदौर में एड्स दिवस संबंधित राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए उन्होंने इस दिशा में केन्द्र सरकार के प्रयासों के बारे में चर्चा की।

वहीं, प्रदेश के मथुरा जिले के खजानी संस्थान में आज एड्स दिवस संबंधित एक विचार गोष्ठी का में वक्ताओं ने एड्स के प्रति समाज में व्याप्त मिथकों व भ्रांतियों के बारे में चर्चा की। गोरखपुर के जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ गणेश यादव ने एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर कहा कि एचआईवी मरीज में टीबी होने की आशंका अधिक होती है। इसलिए प्रत्येक एचआईवी मरीज को छह माह तक टीबी से बचाव की दवा खिलाई जा रही है।

**********

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अगले महीने से प्रयागराज में प्रस्तावित महाकुंभ को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से राज्य में महत्वपूर्ण सड़क अवसंरचना परियोजनाओं की प्रगति की कल लखनऊ में समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह सभी निर्माण कार्यों को पच्चीस दिसम्बर से पहले पूरा करा लें।

महाकुंभ का मेला तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी तक प्रयागराज में आयोजित किया जाएगा। आधिकारिक अनुमान के अनुसार इसमें इस बार तैंतालिस करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है। महाकुंभ में भीड़ प्रबन्धन, पार्किंग, आपदा प्रबन्धन, रेलवे स्टेशन निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए इस बार इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर–आईसीसी का भी अपग्रेडेशन किया जा रहा है।

**********

संभल हिंसा मामले की जांच के लिए न्यायिक आयोग की टीम ने आज वहां का दौरा कर शाही जामा मस्जिद और उसके आसपास के हिंसा वाले इलाकों को देखा। टीम ने मस्जिद के सदर और सदस्य से बातचीत भी की। इस मौके पर मंडलायुक्त, डीएम और एसपी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी टीम के साथ मौजूद रहे। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने बताया कि न्यायिक टीम के अध्यक्ष और एक सदस्य निरीक्षण करके गये हैं । आवश्यकतानुसार यह टीम फिर से आ सकती है। इस बीच, चौबीस नवम्बर को संभल में हुई हिंसा के बाद अब वहां स्थिति नियंत्रण में है।

**********

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सहयोग से कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र में आठ करोड़ सत्तावन लाख रुपये की धनराशि से तीन जर्जर पुलों की जगह नये पुल बनवाये जायेंगे। इसके लिए शासन ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह जानकारी स्थानीय विधायक पीएन पाठक ने दी। उन्होंने बताया कि जिन पुलों के निर्माण की स्वीकृति मिली है,उनमें बरवा जंगल से कुलकुला देवी मंदिर मार्ग,शिवपुर से कुबेरनाथ मन्दिर मार्ग और करहिया हजारी पट्टी जाने वाला मार्ग शामिल है।

**********

सैय्यद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चौम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले आज लखनऊ में खेले गये। इसके महिला डबल्स के फाइनल में भारत की तृषा जोली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने चीन की बाओ ली जिंग और लि कियान को हरा दिया। पुरुष एकल में भी भारत के प्रथम वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन ने सिंगापुर के जिया हैंग जेसन को हरा दिया। मिश्रित युगल में भारत की ध्रुव कपिला और तनीषा क्रासटो की जोड़ी को थाईलेंड की सुपिससारा और देचापोल की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष युगल मुकाबले में भी भारत के साईं प्रतीक और पृथ्वी कृष्णमूर्ति की जोड़ी को भी चीन के हुआंग डी और लियू यांग की जोड़ी ने पराजित कर दिया। अंतिम समाचार मिलने तक महिला एकल में भारत की प्रथम वरीयता प्राप्त खिलाड़ी पीवी सिंधु ने भी मैच जीत लिया था।

**********

ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की स्मृति में गोरखपुर में आज से चार दिवसीय कबड्डी महाकुंभ का शुभारंभ हो गया। इसका उद्घाटन प्रदेश सरकार के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि महंत अवेद्यनाथ के योगदान को ये देश कभी नहीं भूल सकता। उनकी स्मृति में और भी प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी एवं खिलाडियों को तराशने के लिए और बेहतर प्रयास करेंगे। चार दिसम्बर तक प्रस्तावित कबड्डी महाकुंभ में देशभर की बारह टीमों में एक सौ चौवालिस खिलाड़ी शामिल होंगे।

**********